**बदलाव** वैश्विक बौद्ध पर्यटन का केंद्र बना यूपी, विदेशी पर्यटकों की संख्या भी बढ़ी

# बौद्ध सर्किट में नौ माह में आए 61 लाख से अधिक पर्यटक

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश में पर्यटन विभाग के प्रयासों का असर दिखने लगा है। इस साल जनवरी से सितंबर के बीच बौद्ध सर्किट में देश-विदेश से 61 लाख से अधिक पर्यटक भ्रमण के लिए आए। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती, कौशाम्बी, कपिलवस्तु और संकिसा जैसे प्रमुख बौद्ध स्थलों पर देश-विदेश के 6115850 पर्यटकों का आना सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण का प्रमाण भी है। इनमें 271259 विदेशी पर्यटक हैं।

उन्होंने अनुमान जताया कि साल के अंत तक इन स्थलों पर आने वाले पर्यटकों की संख्या 64 लाख के पार हो जाएगी। विदेशी पर्यटकों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि कौशाम्बी में भगवान बुद्ध ने अपना छठा और नौवां वर्षावास व्यतीत किया था। सितंबर तक यहां कुल 2319237 पर्यटक आए। इनमें 2884 विदेशी थे।

कपिलवस्तु में 51795 पर्यटक आए। इनमें 15423 विदेशी सैलानी थे। कुशीनगर में सर्वाधिक 1860507 पर्यटक पहुंचे। इनमें 188131 विदेशी पर्यटक थे। सारनाथ में भ्रमण के लिए पहुंचे कुल 1775489 पर्यटकों में 64821 विदेशी थे। ऐसे ही श्रावस्ती में 79245 तथा संकिसा में 29577 पर्यटक पहुंचे।

## 2023 से लगातार बढ़ रहे पर्यटक



भगवान बुद्ध से जुड़े प्रदेश के प्रमुख स्थल पूरी दुनिया के बौद्ध श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आस्था व आकर्षण का केंद्र बने हैं। विभाग के अनुसार 2023 में इन स्थलों पर कुल 4704317 पर्यटक आए। इनमें 254688 विदेशी थे। वर्ष 2024 में आंकड़ा 6147826 तक पहुंच गया। इनमें 353461 विदेशी पर्यटक थे।